GSEB Std 10 Hindi Textbook Solutions Chapter 1 प्रभुजी तुम चंदन हम पानी

GSEB Class 10 Hindi Solutions प्रभुजी तुम चंदन हम पानी Textbook Questions and Answers

स्वाध्याय

1. निम्नलिखित प्रश्नों के एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1.
प्रभु चंदन है, तो भक्त क्या है?
उत्तर :
प्रभु चंदन है, तो भक्त पानी है।

प्रश्न 2.
भक्त बाती बनकर क्या चाहता है?
उत्तर :
भक्त बाती बनकर जलना चाहता है।

प्रश्न 3.
सोने का महत्त्व कब बढ़ता है?
उत्तर :
जब सोने संग सुहागा मिलता है, तब सोने का महत्त्व बढ़ता है।

2. निम्नलिखित प्रश्न के दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1.
भक्त किन-किन उदाहरणों द्वारा समझाता है कि मैं प्रभु के निकट हूँ - अपने शब्दों में लिखिए ।
उत्तर :
भक्त अपने आपको प्रभु के निकट होने की बात समझाने के लिए विभिन्न प्रतीकों का सहारा लेता है। इन उदाहरणों में चंदन-पानी, घन-मोर, दीपक-बाती, मोती-धागा तथा स्वामी-दास का समावेश है।

3. उचित जोड़े बनाइए :

प्रश्न 1.

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

‘अ’	‘ब’
चंदन	मोरा
घन बन	ज्योति
दीपक	पानी
सोना	रैदासा
भक्त	सुहगा

उत्तर :

‘अ’	‘ब’
चंदन	पानी
घन बन	मोरा
दीपक	ज्योति
सोना	सुहगा
भक्त	रैदासा

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in